माघ कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

बरेली

शुक्रवार, 9 फरवरी 2024

वर्ष 5, अंक 83, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अख़बार

जीवन में वास्तविक परीक्षा डिग्री लेने के बाद

- एसआरएमएस के 23वें दीक्षांत समारोह में बोले प्रो. जय प्रकाश
- 372 छात्र-छात्राओं को उपाधि, प्रशस्ति पत्र व पदक वितरित किए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : दीक्षांत समारोह में डिग्री लेने के बाद वास्तविक परीक्षा अब होगी। इसमें कोई दूसरा आपका मूल्यांकन नहीं करेगा, बल्कि खुद ही अपना मूल्यांकन करना है। समाज में सिर्फ दो लोग ही ऐसे हैं जो अपने बच्चों का कभी बुरा नहीं सोचते। इसमें पहले मां-बाप और दूसरा आपका संस्थान। ऐसे में इनसे आशीर्वाद लेने के लिए मिलने आते रहना चाहिए। ये बातें एसआरएमएस इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी के 23वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. जय प्रकाश पाण्डेय ने कहीं।

एसआरएमएस में दीक्षांत समारोह में छात्रा को प्रशस्तिपत्र देते मुख्य अतिथि।

प्रो. जय प्रकाश पांडेय, पावर एंड यूटिलिटी अर्नेस्ट एंड यंग के पार्टनर इंजीनियर मो. सैफ, फिन एर्जोजी टेक्नोलॉजी के को-फाउंडर इंजीनियर निपुन कोहली, एसआरएमएस ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी देवमूर्ति, ट्रस्ट सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसमें बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए के सत्र 2022-2023 में उत्तीर्ण 372 छात्र-छात्रों को उपाधियां, प्रशस्ति पत्र एवं पदक वितरित किए गए। प्राचार्य प्रो. प्रभाकर गुप्ता ने महाविद्यालयों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस सत्र में शिक्षकों के 58 शोध पत्र कई जनरलों में प्रकाशित हुए। 28 शोध-पत्रों को कई सेमिनार में प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों के 32 शोध पत्र प्रकाशित हुए और 15 शोध-पत्रों को सेमिनारों में प्रस्तुत किया गया। छात्र तपोष चन्द्र शर्मा, मृदुल सिंघल, आकांक्षा गंगवार, अभिषेक गंगवार, आयुष भटनागर और विदुषी यादव को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सीईटीआर के प्रिंसिपल डॉ. एलएस मौर्य, संचालन रूचि शाह ने किया। इस मौके पर आशा मूर्ति, प्रो. श्यामल गुप्ता, उषा गुप्ता, डॉ. रजनी गुप्ता, गुरु मेहरोत्रा, सुरेश सुंदरानी, डॉ. वंदना शर्मा, डॉ. अनुराग भटनागर, डॉ. अनुज कुमार, मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह मौजूद रहे।